www.maharashtracrimes.in
Email : editor@maharashtracrimes.in
www.maharashtracrimes.blogspot.in
maharashtracrimes@gmail.com

RNI NO. : MAHHIN/1998/02261

# महाराष्ट्र क्राईम्स

वर्ष 21 | अंक 07 | मुंबई, 05 मई 2022 | पृष्ठ : 8 | कीमत : 5 रुपये | प्रधान संपादक : सिराज चौधरी

### उप जिलाधिकारी (मेट्रो सेंटर) श्री. दत्तात्रय उर्फ दत्तू नवले की 'ब्लू सर्कल इन्फ्राप्रोजेक्ट' के साथ अनैतिक सांठगांठ


## अधिकारों का दुरुपयोग कर किया स्थानिय भूमिपुत्र किसानों पर अन्याय!

दत्ता माने

**मुंबई,** महाराष्ट्र क्राईम्स के ५ अप्रैल २०२२ के अंक में पहले पृष्ठ पर 'आगामी आकर्षण - उपविभागीय अधिकारी श्री. दत्तात्रय उर्फ दत्तू नवले की काली करतूत का पदार्फाश' इस शीर्षक से प्रकाशित की गई खबर के अनुसार इस इंक में हम तत्कालीन उप विभागीय अधिकारी और वर्तमान में रायगड जिले के पनवेल में मेट्रो सेंटर का कार्यभार संभालने वाले उप जिलाधिकारी श्री. दत्तात्रय उर्फ दत्तू नवले की काली करतूतों का पदार्फाश करेंगे और दत्तू नवले के अनेक काले कारनामों का एपिसोड कम से कम ५ अंकों तक प्रकाशित करेंगे और स्थानीय भूमिपुत्र एवं सामान्य नागरिकों को जागृत करके उनको न्याय दिलाने हेतु पूरी ईमानदारी से सबूतों के साथ पेश करेंगे एवं महाराष्ट्र सरकार को ऐसे भ्रष्ट अधिकारी पर कानूनन कार्रवाई करने हेतु अवगत कराएंगे।



श्री. दत्तात्रय उर्फ दत्तू नवले



इस अंक में हम श्री. दत्तात्रय उर्फ दत्तू नवले ने कैसे अपने अधिकारों का दुरुपयोग कर पनवेल तहसील के रोहिंजण गाँव और परिसर के स्थानिय भूमिपुत्र किसानों पर भूमाफिया विजय रायचंद नैन्सी और अक्षय अरोरा (ब्लू सर्कल-इन्फ्राप्रोजेक्ट के मालिक) के साथ अनैतिक सांठगांठ कर अन्याय किया,

इससे पहले पाठकों के जानकारी के लिए बता दें कि श्री. दत्तात्रय उर्फ दत्तू नवले पहले महाराष्ट्र सरकार के मुंबई उपनगर जिला बांद्रा में

(पेज ७ पर.... )

### बामर लॉरी कर्मचारियों की आर-पार की लड़ाई की तैयारी! अभी नहीं तो कभी नहीं!

## 'महाराष्ट्र क्राईम्स' का हाथ कर्मचारियों के साथ

दत्ता माने

**नवी मुंबई,** कहते हैं मरा हुआ मुर्गा आग से नहीं डरता है, ठीक इसी प्रकार दिनांक ११ नवंबर १९९९ को अधिकारी श्री. विजय रायमाने जो पर्सनल मैनेजर का पदभार संफाल रहे थे, उन्होंने गैर कानूनी तरीके से नोटिस देकर तुरंत निष्कासित करके उनकी



बामर लॉरी के कर्मचारियोंकी महाराष्ट्र क्राईम के प्रतिनिधि के साथ चर्चा.

बामर लॉरी इस भारत सरकार के कंपनी से निष्कासित किये गये कर्मचारियों की आज की स्थिति है। कंपनी में हुई दुर्घटना के बाद बामर लॉरी तलोजा प्लांट में काम कर रहे सभी ४८ कर्मचारियों को कंपनी के अहंकारी स्वभाव के रोजी रोटी छीन ली। निष्कासित करते समय जो कारण बताया गया, वह बहुत ही अतार्किक बताया गया। कंपनी के अहंकारी पर्सनल मैनेजर श्री. विजय रायमाने ने उस समय कंपनी के किसी भी शाखा में काम करने की यदि तैयारी है तो आपको फिर से काम पर लिया जाएगा, ऐसा झूठा आश्वासन दिया गया। उस समय निष्कासित कर्मचारियों ने कंपनी में किसी भी प्रकार के काम की तैयारी दशार्यी थी।

झूठे आश्वासन देने वाले पर्सनल मैनेजर विजय रायमाने ने एक मुगलिया चाल चली। ११ नवंबर १९९९ को निष्कासित ४८ कर्मचारियों में से ७ कर्मचारियों को १७ नवंबर १९९९ के दिन पुरानी सर्विस ब्रेक करके नये सिरे से नियुक्ति पत्र देकर काम पर लिया गया। निष्कासित कर्मचारियों के संघटना को कमजोर करने हेतु यह चाल चली गई। विशेष रुप से ध्यान देने वाली बात तो यह है कि इन ४८ कर्मचारियों के साथ काम करने वाली श्रीमती शशिकला म्हात्रे इस कॉन्ट्रैक्ट पर काम करने वाली महिला को दोबारा कंपनी में काम पर नियुक्त किया गया, जो आज असिस्टेंट मैनेजर का पदभार संभाल रही हैं। (पेज ८ पर....)

### आईजी पेट्रोकेमिकल्स (तलोजा) ने बदले की भावना से कर्मचारी को 3 साल से रखा नौकरी से वंचित

## आर्थिक, मानसिक शोषण करने वाले अपराधी जितेंद्र कुमार साबू सामान्य परिवार के भुखमरी को जिम्मेदार

दत्ता माने

**नवी मुंबई,** कली ने अपने अवतार यानी कलियुग की शुरूआत से पहले राजा परीक्षित से संभाषण किया था.उस संभाषण का विस्तृत विवरण नहीं दे सकते हैं लेकिन एक वाक्य में यदि पूछा जाए तो उत्तर है 'असत्य के मार्ग पर चलने वाले पापी, अपराधी लोगों को पास संपत्ति आय से ज्यादा रहेगी.'

पापी अपराधी लोग संपत्ति के बल पर गरीब व्यक्ति पर अन्याय करेंगे. यह बात हमने इसलिए बताई क्योंकि, इसका ज्वलंत उदाहरण आज आपके सामने पेश कर रहे हैं. ऐसी जानकारी प्राप्त हुई है जिसको पढ़ कर ऊपर लिखे वाक्य को सही साबित होने के लिए अन्य प्रमाण



की आवश्यकता नहीं है. यह कहानी है आईजी पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (तलोजा) में सीनियर ऑपरेटर पद पर काम कर रहे ५३ वर्षीय राजेश तानसेन काटवे की, जिनको न्यायालय ने कंपनी में हुई दुर्घटना से कर्मचारी के मृत्यु को जिम्मेदार ठहरा कर सख्त मजूरी की सजा दी है. (पेज ८ पर....)

## खारघर पुलिस बालू माफियाओं की जेब में कैद?


### गैर जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों के आशीर्वाद से कासाड़ी नदी में हो रही है सरेआम बालू की तस्करी

दत्ता माने

**नवी मुंबई,** दिनांक ५-४-२०२२ को महाराष्ट्र क्राइम्स के अंक में **'रक्षक ही हो गए भक्षक,**



**कासाड़ी नदी की हो रही है बेरहमी से कत्ल'** इस शीर्षक से खबर प्रकाशित की गई थी. इस खबर को पढ़ने के बाद पनवेल तहसील कार्यालय एवं खारघर पुलिस अवैध रूप से बालू तस्करी करने वाले बालू माफियाओं पर शिकंजा कसेगी. गुनाहगारों पर कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई करेगी और पर्यावरण संतुलन बनाए रखेगी. ऐसी हमारी अपेक्षा थी लेकिन यह सिर्फ एक भ्रम था. समाचार पत्र को खारघर पुलिस शायद रद्दी का पेपर समझती है या फिर पत्रकारों को मूर्ख! महाराष्ट्र पुलिस सेवा परीक्षा की तैयारी करते समय ही शायद यह सोच इनके दिमाग में होगी कि मुझे अब किस तरीके से पैसे कमाने हैं. इस सोच के साथ ही कड़ी मेहनत और लगन से पढ़ाई करके पुलिस की नौकरी में शामिल होते हैं. हम सभी पुलिस अधिकारियों की बात नहीं कर रहे हैं लेकिन पैसों के लालच में अपना ईमान बेचने वाले भ्रष्ट अधिकारियों के बारे में लिख रहे हैं. पुलिस में भर्ती होने से पूर्व तंदुरुस्त दिखने वाले यह पुलिस अधिकारी बाद में तंदुरुस्त क्यों नहीं रहते? वजह है हराम की कमाई. जी हां! जब हराम की कमाई से आप अन्न ग्रहण करते हो तो अनेक रोग शुरू होते हैं. तंदुरुस्ती के लिए साइकिल चलाने वाले महगे कार में एसी लगा कर चलते हैं. उनके कक्ष में भी एसी होती है आप गौर कर सकते हैं जब कहीं पुलिस बंदोबस्त होता है तो यह अधिकारी वर्ग कैसे पसीना पसीना होते हैं. इनको धूप बर्दाश्त नहीं होती है. (पेज ७ पर....)



## संपादकीय

# महान परंपरा

प्राचीन काल से ही भारत की बौद्धिक परंपरा में संवाद पर विशेष जोर दिया गया है। सत्य अन्वेषण की इस प्रक्रिया ने हठधर्मिता को कभी स्वीकार नहीं किया। यहां तर्क एवं प्रश्नों को प्राथमिकता मिली, जिन्होंने निष्कर्षों पर पहुंचने में मार्गदर्शन दिया। इस मार्ग में तल्ख शब्दों, निजी हमलों के लिए कोई जगह नहीं थी। इतना ही नहीं, संदिग्ध मंशा वाले विरोधियों पर भी पलटकर हमले की परिपाटी नहीं रही। दुखद है कि यह महान परंपरा अब करीब-करीब विलुप्त हो गई है। इसके लिए हमारी राजनीतिक बिरादरी जिम्मेदार है, जो अब शायद ही कोई सार्थक विमर्श करती है। इसके बजाय वह राजनीतिक विरोधियों को कड़ाई से आड़े हाथों लेती है। उनकी देशभक्ति एवं राष्ट्रवाद पर प्रश्न खड़े करती है। इससे भी दुखद स्थिति यह है कि अब कुछ सेवानिवृत्त नौकरशाह, न्यायाधीश और सैन्य अधिकारियों ने भी संवाद की राह को त्याग दिया है। वे अब समूह बना रहे हैं। फिर सामूहिक रूप से किसी दल का समर्थन करते हैं और किसी का विरोध। कांस्टीट्यूशनल कंडक्ट ग्रुप (सीसीजी) नाम से सेवानिवृत्त अधिकारियों का ऐसा ही एक समूह पिछले कुछ वर्षों से अस्तित्व में है। यह समूह पूरी तरह से मोदी सरकार और उसकी विचारधारा का विरोधी है। दूसरी ओर कनसर्न्ड सिटिजंस ग्रुप है। दोनों में से कोई भी सत्यापन योग्य तथ्यों पर शांतिपूर्वक चर्चा के लिए तत्पर नहीं। दोनों ही पक्ष आक्रोश एवं भावनाओं से आवेशित हैं। ऐसा करके ये समूह न केवल प्राचीन भारतीय बौद्धिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं का प्रतिकार कर रहे हैं, बल्कि उनका यह आचरण उन मूल्यों के विरुद्ध भी है, जिनकी अपेक्षा लोक सेवक, राजनयिक, न्यायाधीश और सैन्य अधिकारी के रूप में उनसे की गई। इन पेशों से जुड़े लोगों को हमेशा मयार्दा और गरिमा के दायरे में रहना चाहिए, जो उनकी भाषा में भी व्यक्त होना चाहिए। उनके सेवाकाल में यह आवश्यक था, जो सेवानिवृत्ति के बाद भी जारी रहना चाहिए था। सीसीजी ने मोदी सरकार की उन नीतियों के खिलाफ कई पत्र लिखे हैं, जो उसकी नजर में खराब रहीं। इसी कड़ी में उसने 26 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम एक खुला पत्र लिखा है। इस पत्र में सीसीजी ने भाजपा शासित राज्यों पर अल्पसंख्यक विरोध विशेषकर मुस्लिम विरोधी नीतियां अपनाने का आरोप लगाया है। इससे भी बढ़कर यह आरोप है कि ये सरकारें संवैधानिक सिद्धांतों को दरकिनार कर बहुसंख्यक केंद्रित एजेंडा चला रही हैं। उन्होंने यहां तक कहा है कि इन राज्यों का प्रशासनिक अमला अल्पसंख्यकों के खिलाफ पक्षपातपूर्ण नीतियों के माध्यम से उन्हें निरंतर डराने में लगा हुआ है।

कुछ राज्यों में बीते दिनों घटित दुखद एवं दुर्भाग्यपूर्ण सांप्रदायिक हिंसक घटनाओं के पीछे सीसीजी ने राजनीतिक नेतृत्व की मंशा पर भी एक प्रकार से संदेह व्यक्त किया है। यदि ऐसा है तो क्या सीसीजी को इस प्रकार की कोई अटकलबाजी करनी चाहिए? हालांकि, यह अनुमान लगाकर उसने यही व्यक्त किया कि केंद्र और राज्य सरकारें ऐसी घटनाओं के अनुकूल परिवेश तैयार कर रही हैं। सीसीजी ने माना है कि अतीत में भी सांप्रदायिक टकराव हुए हैं, लेकिन उसका आरोप है कि अब देश को हिंदू राष्ट्र बनाने का एक 'विशेष सांचा' तैयार किया जा रहा है। इस प्रकार भारत की सबसे महान सभ्यतागत विरासत के प्रतीक सामाजिक तानेबाने को बिगाड़ा जा रहा है। यह सब लिखकर सीसीजी ने मोदी से आ''ान किया कि वह नफरत की राजनीति के खिलाफ कुछ बोलें। इसके जवाब में कनसर्न्ड सिटिजंस ग्रुप ने सीसीजी के सदस्यों पर ऐसा एजेंडा चलाने का आरोप लगाया है, जो केवल भारत विरोधी लाबी की मदद करेगा। उसका कहना है कि यह पत्र मोदी-विरोध का ही एक और प्रयास है। इस समूह ने यह भी आरोप लगाया कि सीसीजी का रुख भी बहुत सुविधावादी है और उसने गैर-भाजपा शासित राज्यों में राजनीतिक हिंसा को अनदेखा किया है। कनसर्न्ड सिटिजंस ग्रुप ने सीसीजी से कहा कि वह अपने पूर्वाग्रह त्यागकर भ्रामक प्रचार के बजाय किसी कारगर समाधान की दिशा में मंथन करे। यह भी दुर्भाग्यपूर्ण है कि कनसर्न्ड सिटिजंस ग्रुप ने सीसीजी सदस्यों के खिलाफ निजी हमले भी किए। इससे बचा जाना चाहिए था, क्योंकि यह संवाद की गुंजाइश को कमजोर करता है। उसने सुझाव दिया है कि राष्ट्र अपने सेवानिवृत्त लोक सेवकों से जो अपेक्षा करता है, उन्हें उसकी पूर्ति करनी चाहिए। अपने सेवाकाल में इन लोगों से निष्पक्ष बने रहकर संवैधानिक दायरे में अपने कर्तव्य पूर्ति की अपेक्षा की जाती है।

# क्या मुंबई की कप्तानी छोड़ने से सुधर जाएगी रोहित शर्मा की बल्लेबाजी?

## पूर्व खिलाड़ियों ने किया बड़ा दावा



**मुंबई :** मुंबई इंडियंस की टीम आईपीएल के इस सीजन में अब तक फ्लॉप रही है. टीम ने अब तक 5 मुकाबले खेले हैं, जिनमें टीम को सभी मैचों में हार का सामना करना पड़ा है. रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम आईपीएल इतिहास की सबसे सफल टीम है, लेकिन टीम के लिए यह सीजन एक बुरे सपने की तरह साबित हो रहा है. लगातार हार के बाद कई दिग्गज रोहित को कप्तानी छोड़ने की सलाह दे रहे हैं. कुछ पूर्व खिलाड़ियों का मानना है कि रोहित अगर मुंबई की कप्तानी छोड़ दें, तो उनकी बल्लेबाजी में काफी सुधार हो जाएगा. अब तक रोहित के बल्ले से इस सीजन में 5 मैचों में केवल 108 रन निकले हैं.

भारत के पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर का मानना है कि रोहित को कप्तानी के बोझ को कम करना चाहिए. इससे उनका प्रदर्शन काफी बेहतर हो जाएगा. मांजरेकर ने कहा, ''इस सीजन से पहले मुझे लगा था कि रोहित शर्मा विराट कोहली की तरह कप्तानी छोड़ सकते हैं, थोड़ा आराम कर सकते हैं और एक बल्लेबाज के रूप में खेल सकते हैं. इसके अलावा वे कीरोन पोलार्ड को जिम्मेदारी सौंप सकते हैं. लेकिन ऐसा नहीं हुआ. रोहित शर्मा का रिकॉर्ड आईपीएल के पिछले 3-4 सीजन से अच्छा नहीं रहा है. उनका औसत 30 से कम, स्ट्राइक-रेट 150 या 160 नहीं रहा. जब वह भारत के लिए खेलते हैं, तो बढ़िया प्रदर्शन करते हैं, क्योंकि तब वह अपने बारे में सोचते हैं.'' दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ का मानना है कि सभी प्रारूपों में भारत की कप्तानी करने का मानसिक तनाव आईपीएल 2022 में रोहित शर्मा पर भारी पड़ सकता है. आईपीएल 2022 में शर्मा सलामी बल्लेबाज के रूप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं. स्मिथ ने कहा, रोहित शीर्ष क्रम के महत्वपूर्ण बल्लेबाज हैं. वह अच्छी शुरूआत देते हैं, जिससे निचले क्रम के बल्लेबाजों को रन बनाने में आसान हो जाता है.

# वरिष्ठ नागरिक से 49 हजार रुपये की साइबर ठगी!




**मुंबई :** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के उपनगर पश्चिमी खार में रहने वाली 66 वर्षीय पत्रकार से 'केवाईसी' के नाम पर कथित तौर पर 49 हजार रुपये की साइबर ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि ठगी की जानकारी मंगलवार को तब मिली जब महिला पत्रकार पुलिस थाने शिकायत करने पहुंची। उन्होंने बताया कि शिकायत के अनुसार महिला को एक व्यक्ति से फोन कॉल आया जिसने खुद को दूरसंचार कंपनी का कर्मी बताया और कहा कि सिमकार्ड अपडेट करना है और ऐसा नहीं करने पर सिम ब्लॉक हो जाएगा। उन्होंने बताया कि फोन करने वाले व्यक्ति ने शिकायतकर्ता से कहा कि वह केवाईसी (अपने ग्राहक को जानो) की जानकारी अपडेट करने में मदद करेगा और महिला को उसके निदेशों का अनुपालन करना होगा।

अधिकारी ने बताया कि इसके बाद महिला ने '' त्वरित सहायता'' ऐप डाउनलोड किया और शुरू में फजीर्वाड़ा करने वाले के निर्देश के अनुरूप 10 रुपये हस्तांतरित किए। उन्होंने बताया कि जैसे ही हस्तांतरण की प्रक्रिया पूरी हुई पीड़ित ने पाया कि उनके खाते से 24-24 हजार कर दो बार और 1002 रुपये कर एक बार कर, कुल 49 हजार रुपये निकाले गए हैं। अधिकारी ने बताया कि भारतीय दंड संहिता की धारा-420 (धोखाधड़ी) और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत इस सबंध में प्राथमिकी दर्ज की गई है। अधिकारी ने बताया कि इसी तरह का मामला करीब दो महीने पहले ठाणे के कोपाडी इलाके में दर्ज किया गया था जब बैंक का कार्यकारी बन एक वरिष्ठ नागरिक से केवाईसी अपडेट करने के नाम पर 5.4 लाख रुपये की ठगी की गई थी।

# महाराष्ट्र में गर्मी से राहत बरकरार

## इस दिन से लू की फिर पड़ने वाली है मार

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में मुंबई सहित कई जगहों पर पिछले कुछ दिनों से लगातार आंशिक बादल छाए हुए हैं. इसकी वजह से गर्मी से थोड़ी राहत तो मिल रही है, लेकिन अभी भी बारिश की संभावना नहीं दिख रही है. दूसरी तरफ तापमान में भी गिरावट दर्ज की जा रही है. राज्य में अधिकतम तापमान 40 डिग्री के आस-पास बना हुआ है. इस बीच भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने 18 अप्रैल से नागपुर सहित कई जिलों में हीट वेव चलने की संभावना जताई है.



फिलहाल महाराष्ट्र के कई जिलों में 15 अप्रैल तक आसमान में आंशिक बादल छाए रहेंगे. इसके बाद मौसम साफ हो जाएगा. वहीं 18 अप्रैल से एक बार फिर नासिक सहित कई स्थानों पर बादल देखने को मिलेंगे. इसके अलावा महाराष्ट्र में वायु गुणवत्ता सूचकांक ज्यादातर शहरों में मध्यम या संतोषजनक श्रेणी में दर्ज हो रहा है. आइये जानते हैं कि गुरुवार को महाराष्ट्र के बड़े जिलों में मौसम कैसा रहेगा?

मुंबई में गुरुवार को अधिकतम तापमान 36 और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है. दोपहर के बाद आसमान में आंशिक बादल छाए रहेंगे. वायु गुणवत्ता सूचकांक 'मध्यम' श्रेणी में 170 दर्ज किया गया है. पुणे में अधिकतम तापमान 39 और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है. दोपहर के बाद आंशिक बादल छाए रहेंगे. वायु गुणवत्ता सूचकांक 'मध्यम' श्रेणी में 151 दर्ज किया गया है. नागपुर में अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है. यहां भी आंशिक बादल छाए रहेंगे. वहीं वायु गुणवत्ता सूचकांक 116 है, जो 'मध्यम' श्रेणी में आता है. नासिक में अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है. मौसम साफ रहेगा. वायु गुणवत्ता सूचकांक 'संतोषजनक' श्रेणी में 83 है. औरंगाबाद में अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है. आसमान साफ रहेगा. वायु गुणवत्ता सूचकांक 'मध्यम' श्रेणी में 128 है.

# महाराष्ट्र क्राईम्स

मुंबई, 05 मई 2022







# मनपा को प्रॉपर्टी टैक्स में 150 गुना बढ़ी कमाई

## 11 करोड़ से सीधे १६० करोड़ हुई कमाई

**मुंबई :** कोरोना काल से प्रॉपर्टी टैक्स रिकार्ड तोड कमाई करने वाली मुंबई मनपा नए रिकार्ड कायम कर रही है। मनपा को पिछले एक माह के दौरान प्रॉपर्टी टैक्स से हुई कमाई में 150 गुना बढ़ोत्तरी हुई है। मनपा को पिछले साल 2021 में अप्रैल महीने से मई महीने के पहले सप्ताह तक जहा मात्र 11 करोड़ की कमाई हुई थी वही इस साल मनपा को इस माह में 160 करोड़ की कमाई हुई है। उल्लेखनीय है कि ऑक्ट्राय बंद होने के बाद मनपा की कमाई का मुख्य स्रोत प्रॉपर्टी टैक्स विभाग रहा।मनपा ने 2020 21 में कोरोना काल के दौरान प्रॉपर्टी टैक्स न भरने वालो पर मनपा नियमानुसार दंड लगाना शुरू किया। मनपा के इस निर्णय से लोग समय पर प्रॉपर्टी टैक्स भरने लगे है।मनपा को 2020 21 में रिकार्ड तोड 5094 करोड़ की कमाई हुई थी। जबकि वर्ष २०१९ २०२० में मात्र 3735 करोड़ की ही कमाई हुई थी। मनपा ने वर्ष 2021 2022 में और रिकार्ड तोड कमाई करते हुए 5792 कमाई की जो की पिछले साल के मुकाबले भी 13 प्रतिशत अधिक थी । मनपा प्रशासन अब 2023




में भी बड़ी कमाई करने का पूरा जोर भरा है जिसकी सफलता पहले ही महीने हुई कमाई से दिखाई पड़ रहा है। मनपा सह आयुक्त सुनील धामने ने बताया की इस साल 1 अप्रैल से 4 मई तक मनपा को प्रॉपर्टी टैक्स में 160 करोड़ की कमाई हो चुकी है जबकि पिछले साल इस महीने में मात्र 11 करोड़ की कमाई हुई थी।मनपा को यह कमाई पिछले साल के बकाए दारो से हो रही है प्रॉपर्टी टैक्स का नया बिल जून महीने में जाना है। जिससे 2022 के वार्षिक साल का प्रॉपर्टी टैक्स की कमाई अब आगे होगी। मनपा आयुक्त इकबाल सिंह चहल ने 2022 -2023 का बजट प्रस्तुत करते समय कहा था की इस साल प्रॉपर्टी टैक्स में हर ५ साल बाद होने वाला परिवर्तन किया जायेगा जसिमे प्रॉपर्टी टैक्स में 15 प्रतिशत ढ़ोत्तरी किए जाने की बात उन्हेंने कही थी। मनपा हर 5 साल में प्रॉपर्टी टैक्स वसूली में बदलाव करती है और नया दर लागू करती है। मनपा को नया दर 2020 में लागू करना था लेकिन इसी बीच पूरे देश में फैली महामारी के चलते यह बदल;आव नहीं किया जा सका था मनपा ने 2021 में भी प्रॉपर्टी टैक्स के दर में कोई बदलाव नहीं किया लेकिन अब कोरोना महामारी खत्म हो कर सभी वयवसाय पटरी पर आ गया है जिसके चलते मनपा प्रशासन नया प्रॉपर्टी टैक्स दर लागू करने का निर्णय लिया है जिससे इस साल मनपा को प्रॉपर्टी टैक्स में और कमाई होना स्वाभाविक है।

# आंदोलन में का हिस्सा होने पर हमे गर्व है: देवेंद्र फडणवीस

**मुंबईः** बाबरी ढांचा गिराने को लेकर भाजपा और शिवसेना में शुरू आरोप -प्रत्यारोप के बीच राज्य के पर्यावरण मंत्री और युवासेना प्रमुख आदित्य ठाकरे पर विपक्ष नेता देवेंद्र फडणवीस ने पलटवार किया है। बाबरी ढांचा विध्वंस किए जाने पर आदित्य ठाकरे द्वारा फडणवीस पर उठाए गए सवाल का जवाब देते हुए फडणवीस ने कहा कि वे मर्सिडीज के बच्चे हैं जो मुंह में सोने का चम्मच लेकर पैदा हुए हैं। इसलिए वे कारसेवकों के संघर्ष का मजाक



उड़ा रहे हैं, कारसेवकों का कितना भी मजाक उड़ाया जाए, लेकिन इस बात पर हमें गर्व है कि ढांचा का विध्वंस को लेकर शुरू आंदोलन में हमने हिस्सा लिया था। शिवसेना और आदित्य ठाकरे पर निशाना साधते हुए विपक्ष नेता ने कहा कि एक हिंदू होने के नाते,मैं पिछले और भविष्य के जन्मों में विश्वास करता हूं। हो सकता है पिछले जन्म में शायद 1857 के युद्ध में, मैं झांसी की रानी, तात्या टोपे के साथ लड़ाई में शामिल हुआ हूं और उस समय आप होते तो आप तब भी अंग्रेजों से गठजोड़ कर लेते। क्योंकि शिवसेना ने जिनके साथ गठबंधन किया है, वे 1857 को युद्ध नहीं मानते।

**क्या कहा था आदित्य ठाकरे ने**

बाबरी ढांचा विध्वंस को लेकर आदित्य ठाकरे ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा था कि हम आम आदमी के सवाल के लिए लड़ रहे हैं। हम बुनियादी बातों पर काम कर रहे हैं। जनता की समस्याओं का निराकरण करने का काम महाविकास अघाड़ी सरकार कर रही है। वहीं विपक्ष के नेता लोगों के घरों में आग लगाने की कोशिश कर रहे हैं। बाबरी ढांचा गिराते वक्त वहां एक भी शिवसैनिक नहीं थे, विपक्ष नेता फडणवीस के इस बयान के जवाब में आदित्य ठाकरे ने फडणवीस पर तंज कसते हुए कहा कि 1857 की लड़ाई में भी फडणवीस का योगदान था।

# अहमदनगर में शुक्रवार ट्रक ने मारी ऑटो रिक्शा को टक्कर दो छात्रों समेत 6 लोगों की मौत 7 घायल




**महाराष्ट्रः** के अहमदनगर जिले में शुक्रवार को एक कंटेनर ट्रक ने तिपहिया वाहन को टक्कर मार दी, जिसमें कम से कम 6 लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि घटना मुंबई से करीब 240 किलोमीटर दूर कोपरगांव शहर थाना क्षेत्र के मसूदपुर फाटा के पास सुबह करीब आठ बजे हुई। उन्होंने कहा, ''एक तेज रफ्तार कंटेनर ट्रक ने यात्रियों को ले जा रहे तिपहिया ऑटो रिक्शा को टक्कर मार दी। दुर्घटना में दो छात्रों और दो महिलाओं सहित कम से कम छह लोगों की मौत हो गई, जबकि सात अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

# मुंबई/ स्कूल खुलने के पहले मिलेगी पाठ्यपुस्तकें: वर्षा गायकवाड

## समग्र शिक्षा अभियान के तहत पुस्तकों का वितरण शुरू

**मुंबइ :** स्कूली शिक्षा मंत्री वर्षा गायकवाड ने कहा कि स्कूल खुलने से पहले सभी छात्रों तक पाठ्यपुस्तकें पहुंचाने की योजना बनाई गई है। इस साल भी सभी छात्रों को पाठ्यपुस्तकें समय पर मिलेंगी। वे बुधवार को बाल भारती के गोरेगांव भंडार में समग्र शिक्षा अभियान के तहत पाठ्यपुस्तक वितरण के शुभारंभ अवसर पर बोल रही थीं। समग्र शिक्षा अभियान के तहत राज्य की जिला परिषद, नगर पालिका, महानगरपालिका सहित अनुदानित स्कूलों में राज्य



सरकार की तरफ से कक्षा 1 लीं से 8वीं तक के छात्रों को मुफ्त में पाठ्य पुस्तकें वितरित की जाती हैं। आगामी शैक्षणिक वर्ष यानि जून 2022 से प्रदेश में स्कूल नियमित रूप से प्रारंभ हो रहे हैं, इसलिए राज्य के सभी छात्रों को स्कूल के पहले दिन पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराने के लिए उचित योजना बनाई गई है और इन पाठ्यपुस्तकों को समय पर स्कूल तक पहुंचाने के लिए मुफ्त पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। इन निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण पाठ्यपुस्तक मंडल के अन्य विभागीय भंडारों से भी शुरू कर दिया गया है। वर्ष 2022-2023 के लिए कुल 5 करोड़ 40 लाख प्रतियों की आपूर्ति की जाएगी। इन सभी पाठ्यपुस्तकों को स्कूल के पहले दिन छात्रों तक पहुंचाने का निर्देश स्कूली शिक्षा मंत्री ने शिक्षा विभाग को दिए हैं। समग्र शिक्षा अभियान के अलावा कक्षा 1 लीं से 12वीं तक की सभी पाठ्य पुस्तकें खुले बाजार में बिक्री के लिए उपलब्ध करा दी गई हैं।

# भूमिपुत्रों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए उद्योग विभाग बनाए नीति

**मुंबई :** मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा कि राज्य की औद्योगिक नीति भूमिपुत्रों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए होनी चाहिए। इसके लिए शिक्षा और प्रशिक्षण को इस नीति में शामिल किया जाए और उच्च एवं तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग को शामिल किया जाए। बुधवार को मंत्रालय में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में उद्योग विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी, जिसमे बोलते हुए सीएम ने यह बात कही। उद्धव ठाकरे ने कहा कि महाराष्ट्र में निवेश लाने के लिए प्रयास किए जाने चाहिए। लेकिन भूमिपुत्रों को उद्योग में अवसर मिलना चाहिए। इस दृष्टि से इन उद्योगों की नीति में



रोजगार प्रदान करने वाले प्रशिक्षण पर विचार किया जाना चाहिए। इसके लिए उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग एवं कौशल विकास विभाग के साथ ही कुछ अन्य विभागों से समन्वय बनाए रखना होगा। मुख्यमंत्री ने सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिन युवाओं के लिए प्रशिक्षित जनशक्ति और रोजगार के अवसरों की आवश्यकता है, उसके लिए संस्थागत द्वारा प्रयास किया जाना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि नीति लंबी अवधि की होनी चाहिए।



# राज्यों पर कोयला कंपनियों का हजारों करोड़ का बकाया, महाराष्ट्र-बंगाल सबसे ऊपर

**सरकारी सूत्रों के मुताबिक, बकाया राशि के मामले में सबसे ऊपर 'महाराष्ट्र राज्य पावर जनरेशन कंपनी' है। इस पर कोल इंडिया का 2,608.07 करोड़ रुपये का बकाया है। वहीं दूसरे स्थान पर पश्चिम बंगाल है।**

कोयला आपूर्ति में कमी की शिकायत करने वाले तमाम राज्यों के ऊपर कोल इंडिया लिमिटेड और सिंगरेनी कोलियरीज का हजारों करोड़ रुपये का बकाया है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, बकाया राशि के मामले में सबसे ऊपर 'महाराष्ट्र राज्य पावर जनरेशन कंपनी' है। इस पर कोल इंडिया का 2,608.07 करोड़ रुपये का बकाया है। वहीं दूसरे स्थान पर पश्चिम बंगाल है। राज्य के 'वेस्ट बंगाल पावर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन' पर कोल इंडिया का 1066.40 करोड़ रुपये का बकाया है।

केंद्र सरकार के सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, झारखंड की तेनुघाट विद्युत निगम लिमिटेड के ऊपर कोल इंडिया का 1018.22 करोड़ रुपये, तमिलनाडु जनरेशन एंड एंड डिस्ट्रीब्यूशन कॉरपोरेशन



लिमिटेड के ऊपर 823.92 करोड़ रुपये, मध्य प्रदेश पावर जनरेशन कंपनी के ऊपर 531.42 करोड़ रुपये, राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के ऊपर 429.47 करोड़ रुपये का बकाया है। कोल इंडिया लिमिटेड का कहना है कि महाराष्ट्र, राजस्थान और पश्चिम बंगाल जैसे राज्य के पावर जनरेशन कंपनियों से संबंधित बकाया बहुत अधिक हैं। फिर भी कंपनी ने कभी भी इनको दी जाने वाली कोयले की आपूर्ति को विनियमित नहीं किया और उप-समूह योजना और रेक की उपलब्धता के अनुसार पर्याप्त आपूर्ति की गई है। वहीं, सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड का आंध्र प्रदेश विद्युत उत्पादन निगम पर 764.70 करोड़, कर्नाटक पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड पर 514.14 करोड़, तमिलनाडु एनर्जी कंपनी लिमिटेड पर 59.19 करोड़ और तमिलनाडु जनरेशन एंड डिस्ट्रीब्यूशन कॉरपोर्शन लिमिटेड के ऊपर 32.79 करोड़ रुपये का बकाया है। सूत्रों ने यह भी जानकारी दी है कि वेस्ट बंगाल पावर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड के खुद के कैप्टिव ब्लॉक हैं। कोयला नियंत्रक संगठन से मिली जानकारी के मुताबिक, इसके कैप्टिव ब्लॉक से उत्पादन उनके अंतिम उपयोग संयंत्रों की जरूरत को पूरा करने के लिए पर्याप्त है।

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड का केंद्र सरकार पर करीब 1.30 लाख करोड़ बकाया है। अगर केंद्र ने बकाया भुगतान किया होता, तो झारखंड सरकार 50 रुपए प्रति यूनिट बिजली खरीदकर इसकी आपूर्ति करती। मुख्यमंत्री ने उक्त बातें नई दिल्ली में केंद्र सरकार द्वारा आयोजित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों के संयुक्त राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल होने के बाद मीडिया से कही।

# महाराष्ट्र दिवस पर सियासत का सुपर संडे

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में सियासत का सुपर संडे रहने वाला है. जहां मुंबई में बीजेपी और शिवसेना दोनों ही महाराष्ट्र दिवस के मौके पर कई कार्यक्रमों का आयोजन कर रही हैं. शिवसेना की बात करें तो सीएम उद्धव ठाकरे सुबह 7 बजे हुतात्मा चौक पर पुष्प चक्र अर्पित करेंगे. इसके बाद सुबह 8 बजे शिवाजी पार्क मैदान में समारोह में शामिल होंगे. फिर शाम 6:30 बजे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर छत्रपति शिवाजी महाराज के पुतले का अनावरण करेंगे. शाम 6:45 बजे पर जिओ वर्ल्ड सेंटर में राज्य सरकार के कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे.

महाराष्ट्र बीजेपी ने भी कार्यकताओं में जान फूंकने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया है, जिसे बूस्टर डोज नाम दिया गया है. मुंबई के सोमैया मैदान में आज शाम पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस कार्यकताओं को संबोधित करेंगे. उससे पहले फडणवीस सुबह हुतात्मा चौक भी जाएंगे. हिंदुत्व के मुद्दे पर दोनों ही राजनीतिक दलों में जारी सियासी



खींचतान के बीच शिवसेना ने बीजेपी के बूस्टर डोज कार्यक्रम पर तंज कसा है.

वहीं पार्टी जिलाध्यक्षों को ऑनलाइन संबोधित करते हुए सीएम उद्धव ठाकरे ने बीजेपी पर साजिश करने का आरोप लगाया. ठाकरे ने कहा, 'हम हमेशा कहते हैं कि महाराष्ट्र दिशा दिखाता है. अब महाराष्ट्र को फिर से दिशा दिखाना चाहिए. महाराष्ट्र में हिंदुओं और मराठियों तथा गैर मराठियों को बांटना भाजपा की साजिश है.' मुख्यमंत्री ने भारतीय जनता पार्टी का नाम लिए बिना आरोप लगाया कि भाजपा महाराष्ट्र को 'हिंदु-विरोधी' दशार्ना चाहती है जैसा कि उसने इससे पहले पश्चिम बंगाल और केरल के मामले में किया था.

# स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री ठाकरे ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**मुंबई:**महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने रविवार को राज्य के स्थापना दिवस के अवसर पर संयुक्त एकीकृत महाराष्ट्र आंदोलन के 105 शहीदों को श्रद्धांजलि दी। आंदोलन के बाद वर्ष 1960 में आज के ही दिन महाराष्ट्र का गठन हुआ था। राज्यपाल बी एस कोश्यारी भी रविवार को यहां दादर क्षेत्र के शिवाजी पार्क में राज्य के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने पत्नी रश्मि ठाकरे और बेटे आदित्य ठाकरे के साथ दक्षिण मुंबई के हुतात्मा चौक शहीद स्मारक जाकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ठाकरे ने बाद में एक ट्वीट में कहा, 'महाराष्ट्र दिवस के अवसर पर संयुक्त महाराष्ट्र आंदोलन के शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की।' पिछले दो वर्ष में महाराष्ट्र स्थापना दिवस कोविड-19 महामारी से संबंधित प्रतिबंधों के बीच मनाया गया था। हालांकि, राज्य में कोविड-19 के मामलों की संख्या में गिरावट के कारण अब प्रतिबंध हटा दिए गए हैं।


# औरंगाबाद में गरजेंगे राज ठाकरे, 16 शर्तों के साथ राज्य सरकार ने दी है रैली की परमिशन...!

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना यानी मनसे के अध्यक्ष राज ठाकरे के औरंगाबाद जिले में एक जनसभा को संबोधित करेंगे. तकरीबन एक सप्ताह पहले जब उन्होंने पुणे से इस जनसभा के बारे में ऐलान किया था, तब से ही महाराष्ट्र की सियासत में हलचल बढ़ गई थी. वहीं शुक्रवार की दोपहर तक इस बात पर ही सबकी निगाहें टिकी हुई थी कि क्या राज ठाकरे की रैली को औरंगाबाद जिला प्रशासन इजाजत देगा? हालांकि शुक्रवार को दोपहर बाद राज ठाकरे



की रैली को इजाजत मिल गई थी. इस रैली को सफल बनाने के लिए मनसे कार्यकर्ता एमएनएस प्रमुख की घोषणा के बाद से ही जुट गए थे. महाराष्ट्र में चारों तरफ अब इस बात की चर्चा है कि आखिर राज ठाकरे औरंगाबाद की इस जनसभा में किन मुद्दों को उठाएंगे? राज ठाकरे फिलहाल शनिवार को ही पुणे से औरंगाबाद पहुंच गये थे. MNS चीफ राज ठाकरे को औरंगाबाद में 16 शर्तों के साथ सभा करने की अनुमति मिली है.

पुलिस ने साफ कर दिया है कि सभा में शामिल होने वाले सभी लोगों को यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी आपत्तिजनक या किसी की आत्मा को ठेस पहुंचाने वाली टिप्पणी न की जाए. कभी मराठी मानुस की राजनीति करने वाले राज ठाकरे अब खुद को हिंदू नेता के रूप में स्थापित करने में जुटे हुए हैं. इसलिए उन्होंने अब हिंदुत्व की राह पकड़ ली है. तमाम मनसे कार्यकर्ता उन्हें हिंदू जननायक के रूप में संबोधित करने लगे हैं. वहीं राज ठाकरे के इस नए रूप पर शिवसेना ने भी जमकर निशाना साधा है.






## मेष राशि

परिवार वालों की सलाह आपके लिये महत्वपूर्ण रहेगी। आपके भौतिक सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। छात्र कुछ नया करने की कोशिश करेंगे, आपको अपनी दिनचर्या में कुछ बदलाव करने की जरूरत है। ऑफिस में किसी महत्वपूर्ण मामले पर कुछ खास लोगों से बातचीत करने का मौका मिलेगा, आपको इसका पूरा फायदा उठाना चाहिए। सेहत के लिहाज से आप तंदुरुस्त रहेंगे।

## वृष राशि

आप अपनी बुद्धिमानी से सब काम संभाल लेंगे। नौकरी करने वाले लोगों को सहयोगियों से मदद मिलेगी जिससे आपका कार्य जल्दी पूरा हो जायेगा। इस राशि के छात्रों के अंदर कॉम्पिटिशन के प्रति जागरूकता पैदा होगी। किसी जरूरतमंद की मदद करने का मौका मिलेगा। बच्चों से संबंधित आपको कोई सुखद समाचार प्राप्त होगा। अचानक धन लाभ होने से घरवालों के साथ पार्टी करेंगे।

## मथुन राशि

रूका हुआ धन वापस मिलेगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। आप सामाजिक कार्यों में सहयोग देने की सोचेंगे। व्यापार में योजनाबद्ध तरीके से काम करने से आपको लाभ की प्राप्ति होगी। किसी जरूरी काम से की गई यात्रा सुखद रहेगी। इस राशि के आर्ट्स स्टूडेंट्स को पढ़ाई-लिखाई में शिक्षकों से मदद मिलेगी। लवमेट के साथ कहीं घूमने जायेंगे। छात्रों को आज सफलता मिलेगी।

## कर्क राशि

ऑफिस में सहयोगी आपके विचारों से प्रभावित होंगे, लेकिन दूसरों के कामों में दखल देने से आपको बचना चाहिए। जीवनसाथी आपको खुशियाँ देंगे। कार्यों में माता-पिता का सहयोग प्राप्त होगा, जिससे आपके काम समय से पूरे हो जायेंगे। किसी से बातचीत करते समय आपको थोड़ी सावधानी बरतने की जरुरत है। दोस्तों के साथ शाम को अच्छा समय बीतेगा। बिजनेस को आगे बढ़ाने के बारे में आप किसी से विचार-विमर्श करेंगे।

## सिंह राशि

अचानक हुये धन लाभ से अपनी जरूरत का सामान खरीदेंगे। दाम्पत्य जीवन में और मधुरता आएगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिये का दिन काफी अच्छा रहने वाला है। पार्टी में कोई नयी जिम्मेदारी मिलेगी। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा में सफलता हासिल होगी। समाज में आपका मान-सम्मान बढेगा। ऑफिस में पदोन्नति के साथ-साथ इन्क्रीमेंट मिलने से आप काफी उत्साहित होंगे। लवमेट्स के साथ चल रही अनबन समाप्त होगी।

## कन्या राशि

कोई शुभ समाचार मिलने के संकेत नजर आ रहे हैं। आपके मन में किसी व्यक्ति की मदद करने का भाव आयेगा। आपकी रचनात्मक प्रतिभा खुलकर लोगों के सामने आयेगी। आपकी आर्थिक स्थिति में बढ़ोतरी होगी। माता-पिता के साथ किसी धार्मिक कार्य की योजना बनायेंगे। आप खुद को सेहतमंद महसूस करेंगे। जीवनसाथी के साथ कुछ खुशी के पल बितायेंगे। आप घर की जरुरत का सामान लेने मार्किट जायेंगे।

## तुला राशि

आप अपने भविष्य को बेहतर बनाने का प्लान बनायेंगे। परिवार के सदस्यों के साथ आपके रिश्ते बेहतर होंगे। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कार्यस्थल पर लोगों का सहयोग मिलने से आपको खुशी होगी। आपकी आमदनी में बढ़ोतरी होने की पूरी उम्मीद है। घर पर अचानक कोई दोस्त आपसे मिलने आयेगा, उसके साथ किसी खास विषय पर चर्चा करेंगे। इस राशि के लवमेट के लिए बेहतरीन रहने वाला है। संतान को सफलता मिलने से आपकी खुशी में इजाफा होगा।

## वृश्चिक राशि

आपको रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। कार्यस्थल पर दूसरे लोगों से वाद-विवाद की स्थिति बनने की संभावना है, आपको किसी से भी बिना वजह उलझने से बचना चाहिए। परिवार वालों के साथ आप किसी धार्मिक स्थल पर जाने का प्लान बनायेंगे। कोई नया कार्य सीखने का मौका मिलेगा, जिससे भविष्य में आपको फायदा होगा। कोर्ट-कचहरी के मामलों में आपको सफलता प्राप्त होगी। माता के स्वास्थ्य में पहले की अपेक्षा सुधार आयेगा।

## धनु राशि

ऑफिस के आपके कार्य परफॉर्मेंस की तारीफ होगी। इस राशि के कॉमर्स स्टूडेंट्स को अपने साथियों से सहयोग प्राप्त होगा, जिससे किसी विषय में आ रही समस्या आसानी से सॉल्व हो जायेगी। आपका दाम्पत्य जीवन खुशियों से भरा रहेगा। समाज में आपके कार्यों की चर्चा होगी। आपके व्यवहार से लोग खुश होंगे। व्यापार के क्षेत्र में दूसरे लोगों से संपर्क करना फायदेमंद होगा। किसी खास मामले को लेकर आपकी सोच बदलेगी। जीवन में खुशियाँ ही खुशियाँ आयेंगी।

## मकर राशि


रुके हुए काम पूरे होने की संभावना है। बच्चों के किसी मामले को लेकर आप असहमत हो सकते हैं। इस राशि के विद्यार्थियों को शिक्षक की तरफ से विशेष मार्गदर्शन मिलेगा, जिससे उनका भविष्य उज्जवल बनेगा। घर पर कोई मांगलिक कार्य आयोजित कराने के बारे में सोच सकते हैं, जिससे घर में खुशहाली आयेगी। रेस्टोरेंट का बिजनेस करना चाह रहे तो आपको पार्टनरशिप के लिए कोई पार्टनर मिलेगा। घर पर अविवाहित लोगों के विवाह की चर्चा होगी।

## कुंभ राशि

आप कोई नया बिजनेस शुरू करने की प्लानिंग करेंगे। किसी खास मामलें में अनुभवी व्यक्ति की सलाह भी आपको मिलेगी। परिवार वालों के साथ आप खुशनुमा पल बितायेंगे, जिससे रिश्तों में नजदीकियां बढ़ेंगी। पूराने दोस्तों से मुलाकात होने की संभावना है। आपकी छवि समाज में उभर कर आएगी। आपके आर्थिक पक्ष में मजबूती आयेगी। आपको बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। आपको किसी पुराने स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या से छुटकारा मिलेगा।

## मीन राशि

आपका महिना बेहतरीन रहने वाला है। अचानक आय के रास्ते मिलेंगे, जिसका लाभ उठाने में आप सफल होंगे। आपके लम्बें समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे, जिससे आपका मन पूरे दिन प्रसन्न रहेगा। किसी काम के लिए कोई बड़ा फैसला लेने में आप जीवनसाथी की सहायता लेंगें। इस राशि के बच्चों का पढाई में मन लगेगा। आपको कोई ऐसी बात पता चलेगी, जिसे जानकर आप सरप्राइज महसूस करेंगे। दाम्पत्य जीवन में चली आ रही समस्याएं समाप्त होगी।










## अमेरिकी प्रतिबंधों से बचने के रास्ते तलाश रहा चीन,

# ताइवान पर आक्रमण की है तैयारी?



**चीन :** अमेरिकी प्रतिबंधों से संपत्तियों की सुरक्षा पर चर्चा के लिए चीन के सीनियर अधिकारियों ने बैंक अधिकारियों से बातचीत की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अधिकारियों का मानना है कि मास्को के खिलाफ किए गए उपायों को बीजिंग पर भी लागू किया जा सकता है। इस बैठक में चर्चा की गई है कि यूक्रेन पर आक्रमण के लिए रूस पर लगाए गए प्रतिबंधों को लेकर चीन अपनी विदेशी संपत्ति की रक्षा कैसे कर सकता है।

**ताइवान को लेकर सतर्क है चीन**

शी जिनपिंग सरकार ने यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के दौरान व्लादिमीर पुतिन के लिए समर्थन बनाए रखा है लेकिन चीनी बैंक और कंपनियां रूसी संस्थाओं के साथ किसी भी बिजनेस को लेकर सावधान है जो कि अमेरिकी प्रतिबंधों को ट्रिगर कर सकती है। फाइनेंशियल टाइम्स की एक रिपोर्ट बताती है कि 22 अप्रैल को हुए एक आंतरिक सम्मेलन में चीन के केंद्रीय बैंक और वित्त मंत्रालय के अधिकारियों के साथ-साथ एचएसबीसी जैसे दर्जनों स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय बैंक के अधिकारी शामिल थे। बैठक में चीनी वित्त मंत्रालय के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि अमेरिका और उसके सहयोगियों द्वारा रूसी संपत्तियों को जब्त करने की क्षमता से शी के प्रशासन सतर्क है।

**चीन के लिए विनाशकारी हो सकता है अमेरिकी प्रतिबंध**

मामले को लेकर एक्सपर्ट्स का मानना है कि इस मीटिंग का मुख्य मकसद तो चीन सरकार को पता होगा लेकिन इस मीटिंग को ताइवान के नजर से देखा जा सकता है। ताइवान को बीजिंग चीन का हिस्सा बताता है और ताइवान पर नियंत्रण के लिए आक्रमण की धमकी भी देता है। अगर चीन ताइवान पर हमला करता है तो चीनी इकॉनमी को रूस की तुलना में बहुत अधिक नुकसान होगा क्योंकि चीन के करीब-करीब हर देश के आर्थिक संबंध हैं। हांगकांग में ओरिएंट कैपिटल रिसर्च के प्रबंध निदेशक एंड्रयू कोलियर का मानना है कि चीन सरकार का चिंतित होना जरूरी है क्योंकि बीजिंग के पास बहुत विकल्प नहीं हैं और अमेरिकी प्रतिबंध चीन के लिए विनाशकारी हो सकते हैं।

## भारत के 100 रुपये अमेरिका में 1.31 डॉलर, देखें 3 मई का एक्सचेंज रेट




यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका में काफी संख्या में भारतीय लोग ऐसे भी रहते हैं जिन्हें भारत से रुपया आता है जो अमेरिका में डॉलर के रूप में उन्हें मिलता है। छात्र और काफी पहले से यूएस में सेटल हो चुके भी वहां ऐसे काफी लोग हैं जिनका किसी न किसी जरिए ये पैसा भारत से अमेरिका जाता है। वहीं वैश्विक मार्केट में हर रोज डॉलर और रुपयों का भाव ऊपर-नीचे होता रहता है। ऐसे में हम आपको प्रतिदिन एक्सचेंज रेट में दोनों करेंसी का भाव बताते हैं जिससे भारत से आया पैसा यूएस डॉलर में कनवर्ट कराने में आप परेशान ना हो। मंगलवार 3 मई को भारत के 100 रुपये अमेरिका में 1.31 डॉलर बराबर हैं। यानी एक भारतीय रुपया, यूएसए के 0.013 डॉलर बराबर है। ऐसे में भारतीय रुपये को कोई डॉलर में बदलना चाहते हैं तो 10 हजार रुपयों के बदले अमेरिका में आपको 131.01 डॉलर मिलेंगे। सोमवार को भारतीय रुपया डॉलर के मुकाबले 76.53 रुपये पर बंद हुआ।

## संक्षिप्त खबरें...

### चीन करने वाला है कोई बड़ा कारनामा, जापान है निशाना ?

**चीन :** चीन ने जापान के नजदीक समुद्र में विमान वाहक पोत और जंगी जहाजों का पूरा बेड़ा उतार दिया है। इसके जवाब में जापान ने भी अपनी सेल्फ-डिफेंस फोर्स को ऐक्टिव कर दिया है। संभावना है कि अमेरिका भी जापान में तैनात अपनी सातवीं फ्लीट को सक्रिय कर सकता है। चीन की सरकारी मीडिया से जो संकेत है, उससे भी लग रहा है कि चीन कुछ बड़ा करने की तैयारी कर रहा है.

### ओडिशा सरकार 40 लाख किसानों के बैंक खातों में भेजेगी पैसा

**ओडिशा :** मंगलवार को अक्षय तृतीया के अवसर पर, ओडिशा सरकार ने आजीविका और आय वृद्धि के लिए कृषक सहायता (कालिया) पहल के तहत 804 करोड़ रुपये वितरित करने की योजना बनाई है, जो राज्य के 40 लाख किसानों की मदद करेगा। ओडिशा के कृषि मंत्री डॉ अरुण कुमार साहू ने मंगलवार सुबह प्रकाशित एक समाचार पत्र के विज्ञापन में कहा कि ओडिशा सरकार राज्य के 40 लाख किसानों के बैंक खातों में 804 करोड़ रुपये वितरित करेगी।

### भारतीय क्रिकेटर बोला– वॉर्न ने अपना जीवन राजा की तरह जिया




वर्तमान में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने माना कि अगर किसी ने वार्न के साथ एक घंटा भी बिता लिया तो यह सीख आपके पूरे जीवन के लिए बहुत होगी। वॉर्न की 4 मार्च 2022 को थाईलैंड में एक संदिग्ध दिल का दौरा पड़ने के कारण वार्न का निधन हो गया था। सैमसन ने यूट्यूब पर ब्रेकफास्ट विद चैंपियंस शो में कहा, ''हमारे पास उनके लिए जो भी यादें हैं,




## इमरान खान की पार्टी का शहबाज को अल्टीमेटम

**पाकिस्तान :** पाकिस्तान के पूर्व गृहमंत्री शेख राशिद अहमद ने कहा है कि इमरान खान पीएम शहबाज शरीफ के साथ मिलने के लिए तैयार हैं। वह जल्द चुनाव कराए जाने को लेकर बातचीत करना चाहते हैं। उन्होंने जानकारी दी है कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी मई अंत तक इस्लामाबाद की ओर लंबा मार्च निकलेगी और तब तक पीछे नहीं हटेगी जब तक कि चुनाव को लेकर तारीख की घोषणा नहीं हो जाती और ऐसे में गृहयुद्ध के हालात बन सकते हैं। बता दें कि इमरान खान ने हाल ही में मई के अंतिम सप्ताह में इस्लामाबाद की ओर मार्च की घोषणा की थी।





## उप जिलाधिकारी (मेट्रो सेंटर) श्री. दत्तात्रय उर्फ दत्तू नवले की 'ब्लू सर्कल इन्फ्राप्रोजेक्ट' के साथ अनैतिक सांठगांठ

# अधिकारों का दुरुपयोग कर किया स्थानिक भूमिपुत्र किसानों पर अन्याय!

(पेज १ का शेष....) सबरजिस्ट्रार के पद पर कार्य कर रहे थे।

हम श्री. दत्तात्रय उर्फ दत्तू नवले ऐसा उल्लेख कर रहे हैं। वजह यह है कि यह श्रीमानजी दत्तू नवले ऐसा स्वाझर करते हैं और इनके दफ्तर के बाहर श्री. दत्तात्रय नवले - उपजिलाधिकारी ऐसा नाम फलक है। बांद्रा के सब रजिस्ट्रार पद से आपको पनवेल में उप विभागीय अधिकारी (एस.डी.ओ.) पद पर नियुक्त किया।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री. दत्तात्रय नवले महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बबनराव पाचपुते के करीबी रिश्तेदार हैं। जब से श्री. दत्तात्रय उर्फ दत्तू नवले ने एस. डी.ओ. का पदभार संभाला है, उन्होंने सिर्फ और सिर्फ यहाँ के बाहुबली बिल्डरों के साथ हाथ मिलाकर स्थानिक भूमिपुत्र किसानों पर अन्याय करने का ही गैर जिम्मेदाराना कार्य किया है। महाराष्ट्र क्राईम्स के पास इस विषय में कई शिकायतें प्राप्त हुई हैं। श्री. दत्तू नवले ने कैसे अपने सरकारी पद का दुरुपयोग कर बिल्डरों के पक्ष में निर्णय लिये इसका पूरा विवरण एक ही अंक में देना संभव नहीं है। इसके लिए एक-एक कर चार से पांच अंत तक श्री. दत्तात्रय उर्फ दत्तू नवले की काली करतूत को उजागर करेंगे। इस अंक में स्थानीय भूमिपुत्र किसान श्री. धोंडूराम पांडू रुपेकर पर मेसर्स ब्लू सर्कल इन्फ्राप्रोजेक्ट और दत्तात्रय उर्फ दत्तू नवले ने वैष्ठसे अन्याय किया। इसकी कहानी पेश कर रहे हैं।

ब्लू सर्कल इन्फ्राटेक कंपनी के मालिक श्री. विजय रामचंद्र नैन्सी और अजय बन्सारीलाल अरोरा ने स्थानीय किसान श्री. धोंडूराम पांडू रूपेकर और उनके परिवार के नाम की जमीन सर्वे नंबर ९३, हिस्सा नं.१, क्षेत्र - ०३-३३-४० मौजे-रोहिंजण, तलाठी साजा ओरे ३ फरवरी २०११ को जमीन के बाकी वारिसदारों की अनुमति लिए बिना साठेखत (रजि. नं.१७३३/२०११) बनाकर खरीदी की। साठेखत पर जमीन की कीमत १४,३१०००/- तय की गई। दिनांक ०१-०२-२०११ के साठेखत (रजि. नं.-१५९५/ २०११) के अनुसार धोंडीराम पांडू रुपेकर और उनके भाई भरत पांडू रुपेकर इनके दो वारिस एवं चार बहनों को मिलाकर ०-२८-६३गुंठे रकम ७६,१३४००/- दिखाई गई। यह रकम नैन्सी और अरोरा इन्होंने स्टँप ड्युटी की रकम कम भरने हेतु दिखाई और दोनों भाईयों की प्रति गुंठा आठ लाख के हिसाब से २६,७२,००००/- तय की गई। साठे करार की रसीद के साथ जो चेक दिये गये उसमें से १३२०५००/- के चेक बाऊन्स हुए। विष्णू पांडू रुपेकर के भी चेक बाऊन्स हुए। दिनांक १२-०७-२०१२ को रुपेकर से किये कुलअखत्यार पत्र का आधार लेकर श्री. विजय नैन्सी और अजय अरोरा ने खरीदी खत रजिस्टर करके (रजि. नं. ७२४२/ २०१२) दिये गये चेक बाऊन्स क र मेसर्स ब्लू सर्कल इन्फ्राटेक कंपनी का बैंक खाता ही बंद कर ७/१२ उतारे पर अपना नाम चढ़ा दिया। इस अन्याय के खिलाफ रुपेकर ने पनवेल न्यायालय में विजय नैन्सी एवं अजय अरोर के खिलाफ दावा दाखिल किया। मामला न्यायालय में प्रलंबित होते हुए भी नैन्सी और अरोरा ने पुलिस बल का उपयोग करके श्री. रुपेकर की जमीन पर कब्जा कर लिया। इस जमीन का उपयोग दत्तात्र्य नवले की अखत्यारी में आने वाले कार्यालय ने प्रकल्पों के प्रवेश द्वार के लिये लिया। इस जमीन की एन.ए. की अनुमती रद्द करने के लिए उपजिलाधिकारी (एस.डी.ओ.) के पास श्री. रुपेकर ने अर्जी की।

सरकारी नियमों के अनुसार गैर कृषी भूमि कार्रवाई आदेश के तीन महीने में पूर्ण करनी होती है। (आदेश क्र. टेनन्सी वि.प./एस.आर./१६८/२०११) इस आदेश का पालन नहीं हुआ है। आज भी इस जमीन पर कृषि भूमि भातपिक ऐसी नोंद है।

इस जमीन पर गैर कृषि भूमि अनुमति के बिना उपजिलाधिकारी कार्यालय की ओर से १८ मीटर का कॉँक्रीट का रास्ता बनाया गया है। उपजिलाधिकारी - रायगड कार्यालय से प्राप्त अनुमति क्र. अशा/एल.एन.ए.१ (बी)/एस. आर.१९२/२०१० के आदेश शर्त - ९ के अनुसार एक महीने में जमीन नापने की फीस की रकम भरनी चाहिए और गैर कृषि भूमि को डीमार्केशन कर दीवार बांधनी चाहिए। लेकिन मेसर्स ब्लू सर्कल इन्फ्राटेक के मालिक ने फीस न भरकर आदेश का उल्लंघन किया है। एक साल बाद दिनांक १५-११-२०११ श्री. सत्यन केसरकर, खारघर, नवी मुंबई मेसर्स - देविशा इन्फ्रा ने इस जमीन का गैर कृषि नापन मुल्य १,०८०००/- सरकार को जमा किया। ब्लू सर्कल इन्फ्राटेक कंपनी के मालिक विजय रामचंद्र नैन्सी ने आदेश के विपरित १ महीने के बजाय चार साल बाद २४-०२-२०१५को गैर कृषि भूमि नापने हेतु अर्जी की। ऐसी बहुत सी घटनाएं हैं, जिसको मेसर्स ब्लू सर्कल इन्फ्राटेक ने सरकारी आदेश को नहीं माना है।

भूमि आलेख कार्यालय ने दिनांक २२-११-२०१५ को किये गये गैर कृषी भूमि नापन के अनुसार सर्वे नं. व हिस्सा नं. ९३/१ और इतर सर्वे नं. की इकट्ठा नहीं नापा था। लेकिन एक ही तारीख को दो नक्शे तैयार किये गये। यह वैष्ठसे तैयार किये इसकी जांच होनी जरुरी है। इन दोनों नक्शों की प्रत महाराष्ट्र क्राईम्स के पास है।

मेसर्स ब्लू सर्कल इन्फ्राटेक एक बोगस कंपनी है, ऐसा जानकारों का दावा है। इसी कंपनी का 'रेन्टल हाऊसिंग प्रोजेक्ट' विकसित करने हेतु कंपनी के मालिक विजय रामचंद्र नैन्सी, अजय अरोरा और मेसर्स पॅरेडाइज सुपर स्ट्रक्चर के मालिक श्री. मनिष मधू भत्रिज और मेसर्स पैराडाईज इन्फ्राकॉन (प्रा.) लिमिटेड के बीच डेव्हलपसमेंट ॲग्रीमेन्ट (रजि. नं.८२९९/२०१६) जुआ है और वर्तमान में पैराडाईज सुपर स्ट्रक्चर कंपनी का साई वर्ल्ड एम्पायर इस नाम से प्रोजेक्ट शुरू है। इस डेव्हलपमेंट एग्रीमेंट की जानकारी उपजिलाधिकारी श्री. दत्तात्रय उर्फ दत्तू नवले को है या नहीं, यह बात समझ के परे है। क्योंकि पनवेल नगर निगम में भत्रिजा महाशय की कंपनी की जानकारी मौजूद नहीं है।

धोंडूराम पांडू रुपेकर ने श्री. दत्तात्रय उर्फ दत्तू नवले साहब को किये शिकायत अर्जी की जाँच करने हेतु अर्जी की। इसकी सुनवाई में वहिवाट/ भात-१/ २३०७/२०१८ के अनुसार शुरू थी। शिकायतकर्ताओं ने पूर्ण प्रमाणपत्र के साथ शिकायत दाखिल की, लेकिन इस शिकायर्ता ने सनुवाई उपजिलाधिकारी श्री. दत्तात्रय उर्फ दत्तू नवले महाशय ने अपील के जैसी की। 'सामने वाला विजय नैन्सी गैरहाजिर है। इसलिए आपकी शिकायत रोक दी है।' इस आशय का जवाबी पत्र श्री. धोंडूराम पांडू रुपेकर को दिया गया।

शिकायत अर्जी पर जांच करके कार्रवाई करने के बजाय श्री. दत्तात्रय उर्फ दत्तू नवले ने गैर कानूनी काम करने वाले विजय नैन्सी को अप्रत्यक्ष रुप से मदत ही की है। रुपेकर की इस जगह पर नैन्सी अरोरा की कंपनी ने एम.एम.आर.डी.ए. से रेन्टल हाऊसिंग प्रोजेक्ट मंजूर करके इस प्रोजेक्ट का काम विकासक मनिष भत्रिजा की कंपनी द्वारा साई वर्ल्ड एम्पायर के नाम से जोर शोर से शुरू है।

देखा जाए तो उपजिलाधिकारी श्री. दत्तात्रय उर्फ दत्तू नवले द्वारा इस प्रोजेक्ट के बारे में जो भी शिकायत है उसकी जाँच करके पारदर्शी रूप से इस प्रोजेक्ट के कार्य के लिए अनुमति और सरकारी नियमों का पालन हुआ है या नहीं यह देखकर अपने अधिकारों का सही उपयोग करके गैर कानूनी काम करने वालों पर कानूनी कार्रवाई करके स्थानीय भूमिपुत्र किसानों को न्याय देने की अपेक्षा थी, लेकिन श्रीमान दत्तात्रय उर्फ दत्तू नवले ने अपने सरकारी पद का दुरुपयोग कर स्थानीय भूमिपुत्र किसान पर अन्याय किया है।

श्री. दत्तात्रय उर्फ दत्तू नवले पर कानूनन कार्यवाई करने के लिए मा. जिलाधिकारी - रायगड को शिकायत की थी, उस पर कोई कार्रवाई नहीं होने की वजह से हमने कोकण आयुक्त को इस विषय में शिकायत दर्ज की है। इस समाचार पत्र के माध्यम से हम सरकार से अनुरोध करते हैं कि ऐसे गैर कानूनी काम करने वाले उपजिलाधिकारी श्री. दत्तात्रय उर्फ दत्तू नवले की सर्विस रिकार्ड और उनके खिलाफ के जितने भी शिकायते हैं उसकी जाँच हो। यदि वह दोषी पाए जाते हैं तो उन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई हो।

# खारघर पुलिस बालू माफियाओं की जेब में कैद?

## गैर जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों के आशीर्वाद से कासाड़ी नदी में हो रही है सरेआम बालू की तस्करी

(पेज १ का शेष....)

अनेक शौक अनेक रोगों का कारण बन जाते हैं और फिर तंदुरुस्ती गुल हो जाती है. एक कहावत है 'जिसने की शर्म उसके फूटे कर्म' बस इसी रास्ते पर चल रहे हैं खारघर पुलिस अधिकारी.

समाज में हो रहे गैरकानूनी धंधों के खिलाफ इनको किसी भी माध्यम से जानकारी दो, इनके बारे में भला बुरा लिखो इनको शर्म नहीं आती. शर्म इसलिए नहीं आती क्योंकि इनके हाथ भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं. भ्रष्ट सरकारी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने हेतु भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो भी आंखें बंद कर लेता है शायद. क्या इस ब्यूरो के अधिकारियों को कभी यह नहीं लगता कि ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों की जांच की जाए? हमारा मानना है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा किसी के शिकायत का इंतजार किए बिना इन भ्रष्ट अधिकारियों की गुप्त रूप से जांच होनी चाहिए. खारघर परिसर में जो बालू माफिया सरेआम तस्करी कर रहे हैं क्या पुलिस के सहयोग के बिना संभव है लगता है?



नवी मुंबई पुलिस आयुक्त के पुलिस दल में सच्चे, ईमानदार पुलिस अधिकारियों की कमी के कारण ऐसे हो रहा है. बालू माफियाओं को आशीर्वाद देकर पुलिस पर्यावरण संतुलन बिगड़ने में अहम भूमिका निभा रही है. खारघर क्षेत्र को आज सच्चे और ईमानदार पुलिस अधिकारियों की जरूरत है. हम मांग करते हैं कि बालू माफियाओं को आशीर्वाद देने वाले भ्रष्ट पुलिस अधिकारियों का तुरंत तबादला हो और बालू माफियाओं पर सख्त कानूनी कार्रवाई हो. इसकी जांच यदि किसी सच्चे और ईमानदार पुलिस अधिकारी के द्वारा की गई तो कई तथ्य बाहर आएंगे. पत्रकार समाज का आईना होता है, आशा करते हैं कि यह समाचार प्रकाशित और पढ़ने के बाद नवी मुंबई पुलिस आयुक्त कार्रवाई करेंगे और भ्रष्ट पुलिस अधिकारी समाचार पत्र को रद्दी समझने की भूल कभी नहीं करेंगे.

# बामर लॉरी कर्मचारियों की आर-पार की लड़ाई की तैयारी! अभी नहीं तो कभी नहीं!

# 'महाराष्ट्र क्राईम्स' का हाथ कर्मचारियों के साथ

(पेज १ का शेष....)

बामर लॉरी कंपनी द्वारा इन ४८ कर्मचारियों को नियुक्ति प्रस्ताव दिये गये थे। इस प्रस्ताव के अनुसार पैरा ५१ नौकरी स्थायी होने के बाद एक माह की पूर्व सुचना देकर आपकी सेवा समाप्त करने के लिए कंपनी या आप भागी होंगे, तथापि, कंपनी सूचना के बदले में एक माह का वेतन देने का अधिकार रखती है। कंपनी ने इसका पालन नहीं किया। ११ नवंबर १९९९ के दिन सूचना देकर उसी दिन इन कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया गया। पैरा ८ के अनुसार आपको किसी भी शॉप या अनुभाग या विभाग में काम करना पड़ेगा और फैक्ट्री के बाहर किसी जगह या कार्यालय या हमारे बाह्य स्थान कार्यालय और आप एक शॉप से दूसरे शॉप या एक विभाग से दूसरे विभाग या एक अनुभाग से दूसरे अनुभाग या एक युनिट से दूसरे युनिट में तबादले के भागी होंगे।

पैरा - ९ के अनुसार आपको नौकरी भारत या विदेश में जहाँ भी कंपनी के हित में होंगे, आपके मूल वेतन को बिना प्रभावित किए तबादले होने के भागी हैं। कंपनी ने इन दोनों पैरा में लिखे गए नियमों का भी पालन नहीं किया। आर्थिक नुकसान का बहाना देकर कंपनी ने इन कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया। वास्तविकता यह है कि जिस समय इन कर्मचारियों को नौकरी से निकाला गया। उस समय कंपनी के तलोजा पैष्ठक्ट्री का उत्पादन ३००० केएल था और सिलवासा के फैक्ट्री उत्पाद ९०० केएल था। ३००० केएल उत्पादन होते हुए तलोजा फैक्ट्री आर्थिक नुकसान में और सिलवासा की फैक्ट्री का उत्पादन ९०० केएल होने के बावजूद फायदेमंद। यह कैसा विचित्र आर्थिक गणित है?

पैरा ८ और ९ के अनुसार कंपनी के कर्मचारी भारत में या भारत के बाहर विदेश में जहाँ पर कंपनी के फैक्ट्री या कार्यालय हैं, वहां पर काम करने हेतु तैयार थे। इतना ही नहीं बल्कि ऑपरेटर का काम करने वाले कर्मचारी भी झाडू मारने का काम करने की तैयारी दर्शा चुके हैं। फिर भी कंपनी के अधिकारियों ने इन्हें नौकरी से निकाल कर इनकी रोजी रोटी छीनकर इनके जीवन जीने के अधिकार का हनन किया है। बामर लॉरी कंपनी ने नौकरी से निकाल देने के बाद न्याय मिलने हेतु कंपनी युनियन के पास गयी। उस समय कंपनी में दादा सामंत संचालित कामगार आघाड़ी की युनियन थी। कामगार आघाडी के पदाधिकारियों ने तो लगता है कंपनी से रिश्वत खायी होगी। क्योंकि पदाधिकारियों ने कंपनी कर्मचारियों की बात तक सुनने से मना करके युनियन दफ्तर से बाहर निकाल दिया। उसके बाद कर्मचारियों ने डॉ. विवेक मोंटेरो की नेतृत्व वाली मुंबई श्रमिक संघ के नेतृत्व में श्रम न्यायालय एवं मुंबई उच्च न्यायालय में न्याय के लिए संघर्ष किया। मुंबई श्रमिक संघ को यश प्राप्ति ना होते देखकर कर्मचारियों ने सन २००५ में सुकुमार दामले की नेतृत्व वाली सी.जी. आय.टी. यु. का हाथ थाम लिया, लेकिन यहाँ पर भी उनके हाथों कुछ भी नहीं लगा। यह मामला जब महाराष्ट्र क्राईम्स को पता चला तो 'महाराष्ट्र क्राईम्स' के संपादक महोदय ने बामर लॉरी कंपनी कर्मचारियों को न्याय दिलाने हेतु ईमानदारी से कोशिश और संघर्ष करने का निर्णय लिया है। कर्मचारियों को न्याय दिलाने के लिए महाराष्ट्र क्राईम्स वचनबद्ध है। बामर लॉरी कंपनी को हम चेतावनी देते हैं कि अभी आर-पार की लड़ाई शुरू हो चुकी है। सही समय पर सही निर्णय लें वर्ना भगवान के घर देर है, अंधेर नहीं।

## आईजी पेट्रोकेमिकल्स (तलोजा) ने बदले की भावना से कर्मचारी को 3 साल से रखा नौकरी से वंचित

## आर्थिक, मानसिक शोषण करने वाले अपराधी जितेंद्र कुमार साबू सामान्य परिवार के भुखमरी को जिम्मेदार

(पेज १ का शेष....) ऐसे जितेंद्र कुमार साबू ने कैसे 3 साल से नौकरी से वंचित रखा राजेश तानसेन काटवे को. तलोजा एमआईडीसी स्थित आईजी पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड प्लॉट नंबर 1, 2 तलोजा एमआईडीसी, तलोजा जिला - रायगढ़ यहां पर सन 1992 से स्थाई रूप से वरिष्ठ उत्पादन प्रचालक (सीनियर ऑपरेटर) पद पर कार्यरत हैं.

इस कंपनी में कर्मचारियों की सरकार मान्य संघटना कर्मचारियों के हितों की रक्षा करने हेतु कार्यरत है. राजेश काटवे सन 2007 से इस यूनियन के सक्रिय कार्यकर्ता हैं. 2019 से 2022 तक राजेश काटवे यूनियन के खजांची रह चुके हैं. सामान्य परिवार के श्री राजेश काटवे सच्चे और ईमानदार व्यक्ति के रूप में कंपनी में और समाज में प्रचलित हैं. दिनांक 29 मार्च 2007 के दिन शाम 6:00 बजे आयजी पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड में एक दुर्घटना घटी. इस दुर्घटना में 32 वर्षीय कर्मचारी श्री गिरीश सीताराम फड़के की मृत्यु हुई. इस दुर्घटना स्थल पर डेप्युटी डायरेक्टर इंडस्ट्रियल सेफ्टी एंड हेल्थ रायगढ़ ने जाकर जांच करने के बाद लिखित रिपोर्ट सत्र न्यायालय अलीबाग में पेश की. जिसमें इस दुर्घटना के लिए कंपनी में काम करने वाले कर्मचारियों की सुरक्षा हेतु जो सुरक्षा प्रावधान होने चाहिए वह कफी नहीं थे जिसके परिणाम स्वरूप दुर्घटना में श्री गिरीश सीताराम फड़के की मौत हुई. ऐसा निष्कर्ष निकाला गया. माननीय न्यायालय अलीबाग ने कंपनी के संचालक श्री जितेंद्र कुमार साबू को फैक्ट्री एक्ट एंड रूल्स ७३ डबल्यू (बी) (ई) सेक्शन ७९(१) महाराष्ट्र फैक्ट्री एक्ट रूल्स पी/यू सेक्शन ९२ के तहत और सीआरपीसी की धारा २५५(२) के तहत दोषी करार देते हुए 3 महीने की सश्रम कारावास, एक महीना सादा कारावास और ५०,००० जुर्माना की सजा का आदेश दिया. इस सजा के विरुद्ध श्री जीतेंद्र कुमार साबू उच्च न्यायालय में कानूनी लड़ाई लड़ रहे हैं. गौरतलब बात है कि इस दुर्घटना के संदर्भ में माननीय न्यायालय अलीबाग में श्री राजेश काटवे ने श्री जितेंद्र कुमार साबू के बारे में बयान दिया था, जो सत्य घटना पर आधारित था. उस दिन से श्री साबू बदले की भावना में जी रहे थे और राजेश काटवे को परास्त करने के मौके का इंतजार कर रहे थे. दुर्भाग्य से उन्हें यह मौका मिल गया २६-१२-२०१९ को. श्री राजेश काटवे की बाईपास सर्जरी हुई. सर्जरी के बाद अपोलो हॉस्पिटल बेलापुर नवी मुंबई ने श्री काटवे को 3 माह विश्राम की सलाह दी. तीन माह विश्राम के पश्चात कंपनी अधिकारी से अनुमति लेकर दिनांक १०- ४ - २०१९ को श्री काटवे हाजिर हुए और हमेशा की तरह काम की दूसरे दिन ११-०४-२०१९ के दिन सुबह ९:०० से ५:०० के जनरल शिफ्ट में काम करते समय दोपहर ३:०० बजे श्री राजेश काटवे को चिकित्सा जांच करवाने के बहाने घर भेजा गया. चिकित्सा जांच का खर्चा कंपनी द्वारा होगा ऐसा कहा गया. उसके बाद कई बार श्री राजेश काटवे ने कंपनी अधिकारियों से जांच की चिकित्सा करवाने हेतु मिलने की कोशिश की लेकिन कंपनी के अधिकारी नहीं मिली परेशान होकर श्री राजेश काटवे ने खुद के खर्चे से सर्टिफिकेट ऑफ फिटनेस फ्रॉम डायरेक्टरेट आफ इंडस्ट्रियल सेफ्टी एंड हेल्थ दिनांक ११-०४-२०१९ को प्राप्त किया. इस चिकित्सा जांच प्रमाण पत्र में काटवे को हल्का एवं मध्यम स्वास्थ्य के काम देने की सूचना है, जो कंपनी के लिए आसान है. कंपनी यूनियन का पदाधिकारी होने के बावजूद कंपनी के किसी भी मीटिंग के लिए बुलाया नहीं जाता और ना ही कंपनी के अंदर प्रवेश दिया जा रहा है कंपनी के नियमों के अनुसार कंपनी कर्मचारियों के बच्चों की शिक्षा के लिए दिए जाने वाली मानधन की रकम लैपटॉप इत्यादि सुविधाएं मुहैया नहीं की जा रही है. लगभग 3 साल नौकरी से वंचित रहने की वजह से उनकी बेटी की उच्च शिक्षा खंडित हो गई है. दिनांक १३-११-२०२१ को कंपनी के पैनल के रायगढ़ सिविल सर्जन डॉक्टर गायकी ने भी चिकित्सा जांच कर राजेश काटवे को शारीरिक एवं मानसिक दृष्टि से हल्का और मध्यम काम करने के लिए सक्षम है, ऐसा सकारात्मक रिपोर्ट दिया है. यह रिपोर्ट लेकर श्री काटवे भी दिनांक २५-११-२०२१ को कंपनी में स्वयं जाकर २०१९ से तभी तक की रकम लेने मिलने और नौकरी पर रखने हेतु पत्र लेकर गए थे. उस समय कंपनी आपको जल्द ही सकारात्मक पत्र देगी ऐसा आश्वासन दिया गया था, लेकिन यह खबर प्रकाशित होने तक कंपनी ने अभी तक श्री राजेश काटवे को नौकरी से वंचित रखा है. इसके खिलाफ समय मांगने के लिए श्री राजेश काटवे ने कामगार राज्यमंत्री श्री बच्चू कडू, कामगार मंत्री श्री हसन मुश्रीफ, जलसंपदा मंत्री श्री जयंत पाटील, रायगढ़ उपायुक्त, रायगढ़ मंत्री दिलीप वलसे पाटील इनको पत्र व्यवहार किया. लेकिन कंपनी संचालक श्री जितेंद्र कुमार साबू के दिल दिमाग में श्री राजेश काटवे के बारे में जो बदले की आग है. उस आग में श्री राजेश काटवे और उनका परिवार जल रहा है. कंपनी दुर्घटना मामले में सत्य पक्ष की साथ देना आज राजेश काटवेको महंगा पड़ा है. यह ज्वलंत उदाहरण है कि कैसे पापी, अपराधी, आर्थिक और सत्ता के बल पर राजेश काटवे जैसी सरल मार्ग पर चलने वाले गरीब मध्यमवर्गीय लोगों को शिकार बनाते हैं. राजेश काटवे और उनका परिवार आज भुखमरी से त्रस्त है. इसके लिए केवल जितेंद्र कुमार साबू जिम्मेदार हैं. जितेंद्र कुमार साबू ने माननीय उच्च न्यायालय में अपने बचाव हेतु अपील की है. वहां भी आप को सजा मिलेगी, यह आशा है. यदि सजा नहीं मिली तो भी इस तरह के आपके हरकत से एक परिवार बाधित हुआ है. इसका पाप धोने के लिए किस न्यायालय में जाएंगे? या तीर्थ स्थल पर जाकर स्नान करेंगे? कुछ भी करो आपके अपराधिक तराजू में बढ़ोतरी हुई है. आईजी पेट्रोलियम २८-३० एकड़ में फैली कंपनी है, पहले यहां सिर्फ दो प्लांट थे. अभी यहां पर १० प्लांट है. यह १० प्लांट इतनी जगह में कैसे बनाए गए? इसके लिए कितने झाड़ को कत्ल किए गए? इन सभी की जांच संबंधित विभागों द्वारा करवाने के लिए कोशिश होनी चाहिए. हो सकता है भविष्य में और कोई दुर्घटना घटे और कुछ कर्मचारियों के परिवार इसी तरह बाधित हो.



यह समाचार पत्र मासिक महाराष्ट्र क्राईम्स मालिक,मुद्रक प्रकाशक सिराज चौधरी द्वारा राजीव प्रिंटर्स,४९६,पंचशील नगर-१, नागसेन बुद्ध मंदिर रोड नं-३, तिलक नगर, चेम्बुर, मुंबई-४०००८९ से मुद्रित करवा कर ८/ऐ/१६९/२७०२/टागोर नगर, विक्रोली (पू),मुंबई-४०००८३ से प्रकाशित किया ।
संपादक- सिराज चौधरी मो. ९७७३६२२९६७